दैनिक

प्रातः कालीन

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-
UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए


9027776991
knlslive@gmail.com



वर्ष :- 02 अंक :- 348 मुरादाबाद, 19 April 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# अतीक-अशरफ की मौत के बाद सीएम योगी का बड़ा बयान, यूपी में अब कोई माफिया किसी को धमका नहीं सकता




सीएम योगी ने कहा कि जो माफिया पहले संकट थे, वो अब खुद संकट में है। हमारी सरकार में यूपी में एक बार भी कर्फ्यू नहीं लगा है। अब किसी जनपद के नाम से डर नहीं है। यूपी अब विकास के लिए जाना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर लगे दंगे के राज्य के कलंक को हम मिटा चुके हैं। 2017 से पहले यूपी दंगे के लिए जाना जाता था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। 2012 से 17 के बीच 700 से ज्यादा दंगे हुए थे। 2017 के बाद दंगे की नौबत ही नहीं आई। आज किसी जनपद के नाम से यूपी में डरने की आवश्यकता नहीं है। यूपी की पहचान के जो लोग संकट हुआ करते थे आज वह स्वयं संकट में हैं। आज कोई भी अपराधी व्यापारी को धमका नहीं सकता। उत्तर प्रदेश सरकार आप सभी निवेशकों की पूंजी को सुरक्षित रखने में सक्षम है। सीएम योगी ने मंगलवार को पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान (पीएम मित्र) योजना के अंतर्गत लखनऊ-हरदोई में एक हजार एकड़ में विस्तृत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर लोकभवन में आयोजित एमओयू के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश मौजूद थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले कहा जाता था, जहां से अंधेरा शुरु हो, वहां से उत्तर प्रदेश शुरू हो जाता है। 75 में से 71 जनपद अंधेरे में होते थे। आज ये दूर हो चुका है। आज यूपी के गांवों में स्ट्रीट लाइट्स जगमगा रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी जैसा कृषि प्रधान राज्य जहां पर एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर करती है। रोजगार के दृश्य से अगर हम देखें तो वस्त्र उद्योग ही सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। यूपी में वस्त्र उद्योग की एक समृद्ध परम्परा रही है। यहां का हैंडलूम, पावरलूम, वाराणसी और आजमगढ़ की सिल्क साड़ियां, भदोही का कारपेट, लखनऊ की चिकनकारी और सहारनपुर का क्राफ्ट यह सब विश्वविख्यात रहा है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी वस्त्र उद्योग का केंद्र रहा है उसकी गिनती 4-5 महानगरों में होती थी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी न केवल अपने औद्योगीकरण के लिए बल्कि नगरीय व्यवस्था की दृष्टि से भी देश का एक महत्वपूर्ण प्रदेश माना जाता था। लेकिन एक कालखंड ऐसा भी आया जिसमें यूपी की इस पहचान को पूरी तरह समाप्त सा कर दिया था। हैंडलूम और पावरलूम को उचित प्रोत्साहन ना मिलने के कारण वह भी दम तोड़ने लगे थे। विगत 9 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो प्रगति की है उसका लाभ लगभग 6 वर्ष के अंदर यूपी को सर्वाधिक मिला है। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की प्रगति किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र योजना के तहत स्थापित होने वाले टेक्सटाइल पार्क को लेकर हस्ताक्षरित हुआ यह एमओयू का कार्यक्रम भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच पहला कार्यक्रम है। बेहतरीन कनेक्टिविटी के बीच जिन निवेशकों ने यहां रुचि दिखाई है उन्होंने देखा होगा की एयरपोर्ट से मात्रा आधे घंटे में अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। फोर लेन की कनेक्टिविटी यहां पहले से है, जहां कनेक्टिविटी नहीं है वहां हम जल्द उपलब्ध कराएंगे।

## आज यूपी का चित्र और चरित्र दोनों बदला है- पीयूष गोयल

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश के लिए कल्पना से बढ़कर कार्य किया है। आज यूपी का चित्र और चरित्र दोनों बदला है। विकास कार्यों में भेदभाव क्या होता है, उत्तर प्रदेश की जनता ठीक से जानती है। 2017 के पहले तक यूपी के लोगों ने इस भेदभाव को झेला है। आज जब डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है तो छह वर्षों में यूपी की बदली हुई तस्वीर हम सबके सामने है। यूपी में बहुत सी सरकारें आई और गईं। सबने अपने राजनीतिक हितों को साधने का काम किया। कानून व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी राज्य में उद्योग लगाने की सबसे आवश्यक मांग है। उत्तर प्रदेश के विगत कुछ वर्षों में बहुत कार्य हुआ है। यही वजह है कि यूपी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की ओर आगे बढ़ चुका है। उत्तर प्रदेश के ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट जैसा आयोजन कल्पना के बाहर था। देश और विदेश के निवेशक यूपी जीआईएस में होड़ लगाकर खड़े थे। यूपी जैसी प्रतिभा और मेहनत देश किसी अन्य राज्य में नहीं है। आने वाले दिनों में विकास की दिशा और यहां के लोगों की दशा बदलने वाली है।

## सीएम योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार इस क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है- जरदोश

केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश ने कहा कि हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट एक हुनर है इसको ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे विश्वकर्मा का दर्जा दिया गया है। इस हुनर से सबसे ज्यादा महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इससे जुड़कर देश और उत्तर प्रदेश की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार इस क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। सीएम योगी से हमने बहुत कुछ सीखा है। वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का आधार यूपी की एक जिला एक उत्पाद योजना है। देश के साढ़े सात सौ स्टेशन पर हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट लगाए गए हैं। इसमें महिलाओं को प्रथमिकता दी जा रही है।

## इनके बीच एमओयू हुआ हस्तांतरित

कार्यक्रम में अपर सचिव टेक्सटाइल, भारत सरकार रोहित कंसल और हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग, एमएसएमई, उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के बीच एमओयू हस्तांतरित हुआ। यह पार्क केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से तैयार हो रहा है, जिसमें निजी सहभागिता भी होगी। निजी निवेशकों में आदित्य बिड़ला ग्रुप, मेसर्स जीएसएल स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अजुम डेनिम कार्ट एलएनपी, मेसर्स अभिकिम टेक्सटाइल लिमिटेड, मेसर्स एसवीएम, मेसर्स जोसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स एमएलके एक्सपोर्ट लिमिटेड और मेसर्स पाथ थ्रेड प्राइवेट लिमिटेड के बीच भी एमओयू हस्तांतरित हुए।

# कुशीनगर में आग की लपटों में 40 घर जले, दो मासूमों से सहित तीन की मौत; कई बकरियां-गाय व भैंस झुलसे



कुशीनगर के जटहां बाजार थाना क्षेत्र के बाजूपट्टी गांव में दोपहर करीब एक बजे खाना बनाते समय लगी आग से लगभग 40 घर जल गए।कुशीनगर के जटहां बाजार थाना क्षेत्र के बाजूपट्टी गांव में दोपहर करीब एक बजे खाना बनाते समय लगी आग से लगभग 40 घर जल गए। आग बुझाने की कोशिश में 55 वर्षीय एक व्यक्ति की जलने से मौत हो गई। इसके अलावा आग की लपटों में घिर जाने से झुलसी दो मासूम भी जिंदा जल गईं। इस घटना के बाद से गांव में चीख-पुकार, अफरा-तफरी मच गई है। पछुआ हवा के चलते गांव में आग तेजी से फैल गई थी। अग्निशमन दस्ता भी विलंब से पहुंचा। अग्निशमन दस्ता और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। सदर विधायक, डीएम, एसपी सहित कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी लिए और पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। बाजूपट्टी गांव में मंगलवार की दोपहर में करीब एक बजे खाना बनाते समय लगी आग से करीब 40 घर जल गए। उस दौरान आग की लपटों के बीच घिरकर ठाकुर राजभर (55), नागेंद्र चौहान की दो वर्षीय मासूम बेटी सोहानी और सुरेंद्र की चार वर्षीय बेटी शीतल की जलने से मौत हो गई। आगलगी के दौरान करीब एक घंटा तक अफरा-तफरी मची रही। घरों से उठ रही आग की लपटों को बुझाने की हिम्मत किसी में नहीं हो रही थी। इसके चलते देखते ही देखते करीब 40 झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गईं। सूचना पर करीब एक घंटा देर से अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची। तब तक काफी हद तक घर जल चुके थे। अग्निशमन दस्ता और ग्रामीणों ने बचे घरों को आग की लपटों से बचाया। इस भीषण आगलगी की सूचना मिलते ही डीएम रमेश , एसपी धवल जायसवाल, एडीएम देवी दयाल वर्मा, सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया और एसडीएम सदर महात्मा सिंह पहुंचे। अफसरों पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बढ़ाया। आगलगी में कई बकरियों समेत गाय, भैंस झुलस गईं। गांववालों के मुताबिक दोपहर करीब एक बजे महेश चौहान के घर से खाना बनाते समय आग लग गई थी। तेज हवा के कारण आग इतनी विकराल थी कि अगल बगल की झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि लोग अपने आप को बचाते हुए बाहर निकले। आग के बीच घर से सामान निकालते समय 55 वर्षीय ठाकुर राजभर घिर गए और जलकर उनकी मौत हो गई। नागेंद्र चौहान की बिटिया सोहानी और सुरेंद्र की बिटिया मासूम शीतल की भी आग में घिर जाने के कारण जलकर दर्दनाक मौत हो गई। आग की विकरालता के कारण कोई अपना सामान निकाल नहीं पाया। लोग आग आगे न बढ़े, इसलिए कई झोपड़ियां उजाड़ दिए। अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी कम पड़ी तो दूसरी मंगाई गई। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने भी मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली तथा ढांढस बंधाया। राजस्व विभाग आग से हुई क्षति का आंकलन कर रहा है।

# समाजवादी पार्टी का बड़ा एलान, बड़ौत और बागपत से नहीं लड़ेगी चुनाव



बागपत जनपद में निकाय चुनाव को लेकर रालोद ने जहां सोमवार को अपने प्रत्याशियों को चुनाव सिंबल वितरित कर दिए वहीं मंगलवार को समाजवादी पार्टी ने बड़ौत और बागपत सीट से चुनाव न लड़ने की घोषणा कर डाली। बागपत जनपद निकाय चुनाव को लेकर रालोद ने सोमवार को अपने प्रत्याशियों को चुनाव सिंबल वितरित कर दिए हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को बड़ा एलान करते हुए बड़ौत और बागपत में अध्यक्ष पद पर चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी। दरअसल इन दोनों ही सीटों पर पार्टी राष्ट्रीय लोकदल का समर्थन करेगी। मंगलवार को समाजवादी पार्टी केऑफिशियल ट्विटर पेज से एक पोस्ट किया गया है जिसमें लिखा है कि बड़ौत और बागपत में समाजवादी पार्टी स्थानीय नगर निकाय चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेगी और राष्ट्रीय लोक दल का समर्थन करेगी।वहीं रालोद की बात करें तो आरएलडी ज्यादातर सीटों पर प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह बांट चुकी है। साथ ही कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। रालोद ने बागपत नगर पालिका से पूर्व चेयरमैन राजुद्दीन एडवोकेट, खेकड़ा नगर पालिका से रंजीता धामा को अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया है। जिसमें सोमवार को रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल धामा ने बागपत नगर पालिका से प्रत्याशी राजुद्दीन एडवोकेट व खेकड़ा से निकाय चुनाव के लिए सिंबल सौंपे। निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। इसको लेकर तीनों तहसीलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पहले दिन एक भी नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया। अध्यक्ष पद के लिए 42 नामांकन पत्र और सभासद पद के लिए 256 नामांकन पत्र खरीदे गए। डीएम राजकमल यादव, एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने तीनों तहसीलों में निरीक्षण किया। पहले दिन अग्रवाल मंडी टटीरी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए सबसे ज्यादा 11 नामांकन पत्र खरीदे गए, जबकि बड़ौत के लिए सात नामांकन पत्र बिके। नगर पालिका बागपत = नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए दो नामांकन पत्र खरीदे गए, जबकि सभासद पद के लिए 44 नामांकन पत्र बिके। नगर पालिका बड़ौत = नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए पहले दिन सात नामांकन पत्र की बिक्री हुई, जबकि सभासद पदों के लिए 89 नामांकन पत्र खरीदे गए। नगर पालिका खेकड़ा = नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए एक नामांकन पत्र खरीदा गया, जबकि सभासद पदों के लिए 38 नामांकन पत्र खरीदे गए। नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी = नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 11 नामांकन पत्र बिके, जबकि सभासद पदों के लिए नौ नामांकन पत्र बिके।

नगर पंचायत अमीनगर सराय = नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन पत्र, जबकि सभासद पदों के लिए आठ नामांकन पत्र बिके। नगर पंचायत टीकरी = अध्यक्ष पद के लिए एक भी नामांकन पत्र नहीं खरीदा गया, जबकि सभासद पदों के लिए तीन नामांकन पत्र बिके। नगर पंचायत दोघट = नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए छह नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, जबकि सभासद पदों के लिए चार नामांकन पत्र खरीदे गए। नगर पंचायत छपरौली = नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सात नामांकन पत्र, जबकि सभासद पदों के लिए 28 नामांकन पत्र खरीदे गए। नगर पंचायत रटौल = नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए पांच जबकि सभासद पद के लिए 28 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

## संपादकीय Editorial

### Atiq's 'murderous' end

This was the most dramatic event in the life of Mafia Atiq Ahmed. Despite a tight police guard and all-round cordon, someone masquerading as a media opened fire on Ateeq and his younger brother Ashraf, and within seconds lives were lost. Both the brothers, who became metaphors of the mafia, were killed. The shooters kept chanting 'Jai Shri Ram', evidently they must be members of some Hinduist organization! This murderous attack could also be a part of some conspiratorial strategy! Those who made Atiq and Ashraf 'corpse' also surrendered themselves. They can be tried for murder. The evidence is absolutely clear and public. UP Chief Minister Yogi Adityanath has ordered an inquiry by the Judicial Commission. Of course, Atiq's mafia has come to an end for the time being, but his four sons (two adults, two minors) are in police custody. Whenever he is released from jail, will he also take the path of mafia? Can the death of Atiq and Ashraf also become a communal issue like this? Will SP, BSP and Owaisi publicize this death as 'Muslimism'? Atiq was patronized by leaders like Mulayam Singh Yadav and Mayawati, under whose shadow he became a mafia.

More than 100 criminal cases are being reported against Atiq. In about a dozen states, Atiq's contracting also continued on the lines of mafia. He earned crores of rupees from crime and business. The UP government claims that it has attached Atiq's property worth more than Rs 400 crore. Don't know how much damage would have been done by the bulldozer, but the most important question of this mafia case is whether the criminal and punishable destiny of a criminal can be decided by the police and the government only? In fact, there is no such provision in the Penal Code and Constitution of India, which allows encounter and human killing. We are against the process of encounter or hanging. However, the law has given some privileges to the police, which can be used in self-defense or escape of the criminal or in any other unavoidable situations. We are also not in favor of labeling every encounter or such killing as 'fake' or 'communal'. However, in the context of the killings of Atiq and his son Asad, the directions of the Supreme Court are worth mentioning. Under section 176, after the encounter and the killing, there should be a mandatory judicial inquiry into the matter. Is the Chief Minister's order sufficient? If there is an encounter, its report should be sent to the Judicial Magistrate having jurisdiction under section 190. Its report should also be sent to the National and State Human Rights Commissions. The FIR should be registered immediately after the encounter and sent to the court under section 157, without any delay. Basically this case is of encounter because all the 6-8 accused related to Umesh Pal murder case of February 24 have been eliminated either through encounter or by killing. Since April 2016, there has been an encounter on an average every third day. Encounters and killings had decreased during the 'peak' of the Corona epidemic, but on average the number of encounters and killings are now increasing again. The subject of Atiq is not that important, but it has concerns of law and constitution.

# How does Shweta Tiwari react to the rumor of Ibrahim and daughter dating? Palak revealed

Palak told in a recent interview that he has no time for love. All his focus is on his career at the moment. At the same time, Palak told that her mother is also scared like everyone else's mother. Shweta Tiwari is a well-known TV actress. At the same time, his daughter Palak Tiwari has recently made her Bollywood debut with the film Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan, after which Palak has been in constant headlines. This film will be seen in theaters on the occasion



of Eid. Even before this film, Palak has been the subject of discussion many times. In fact, Palak has been seen several times with Shahrukh Khan's son Aryan Khan and Saif Ali Khan's son Ibrahim Khan. There are constant rumors of the actress dating Ibrahim. Regarding these rumours, Palak told how her mother Shweta Tiwari reacts. Palak told in a recent interview that he has no time for love. All his focus is on his career at the moment. At the same time, Palak told that her mother is also scared like everyone else's mother. Palak told that she often thinks whether I am sending my daughter out more or she is partying more? When she hears and sees these dating rumors she always sends me the link and asks me who is this and where did it come from? To this my answer is that there is none, because in reality there is none. He further said that right now it is my mother, my brother and myself. The actress said that her mother trusts her a lot. Let us tell you that many times Palak has been seen with Ibrahim. Also, many times they have been seen together in restaurants in Mumbai. In view of all this, rumors of their dating are constantly flying. Regarding this too, Palak said that there is no such thing. Along with this, Palak has also been spotted many times with Aryan Khan, due to which the name of the actress has also been associated with him. Even they have been seen together in many parties.

## Misbehavior with Bhojpuri singer Priyanka on stage, Akshara Singh lashed out at the organizers

Thave Festival was organized in Gopalganj, Bihar. Where Bhojpuri singer Priyanka Singh reached on the first day, but something happened with the singer on this stage that she started crying openly on the stage in front




of the crowd of people. There is a special relationship between fans and an artist. Fans are ready to do anything to catch a glimpse of their favorite star, but there are many fans who make the artistes suffer. Recently something happened with Bhojpuri singer Priyanka Singh due to which she had to cry bitterly in public. Misbehavior with Priyanka at Thave Festival- In fact, Thave Festival was organized in Gopalganj, Bihar, in which Bhojpuri singer Priyanka Singh also participated. But he was misbehaved while performing on stage. Whose video has also surfaced, this video is going viral on social media. After this video, Bhojpuri's well-known actress Akshara Singh has supported Priyanka Singh. Mic snatched from Priyanka – It can be seen in the viral video that anchor Rupam Trivikram stops the singer midway during the song. Till the time Priyanka Singh could understand something, she started calling the DM to honor her. stage and a girl before that are publicly respecting the artist. Whenever it comes to any artist, I will openly oppose such illiterate people. This woman who is snatching the mike on the stage has probably also forgotten that being a woman, she is insulting women, shame on her.

# These actors made beautiful heroines fail by becoming transgender! Everyone was impressed by his style

The Bollywood industry has changed a lot. Where along with female and male characters, the actors who played the role of transgender i.e. Kinnar also became famous. Famous actors played the character of Kinnar very well. Along with this, let us tell you that many famous actors of Bollywood played the role of










transgender along with lead role and also made headlines among a large number of viewers. Sadashiv Amrapurkar - Sadashiv Amrapurkar who is considered one of the veteran actors of the 80s. He played the role of a transgender in the 1991 film 'Sadak'. His acting was very much liked by the audience. Paresh Rawal- Paresh Rawal, seen as the funny character of Bollywood, has also done many comedy films. With this, in 1997, he played the role of 'Kinnar' in the film Tamanna. Along with Pooja Bhatt and Sharad Kapoor, Manoj Bajpai also appeared in the lead role in this film. Ravi Kishan-Ravi Kishan is considered one of the most famous actors and let us tell you that in 2013 he




played the role of Kinnar in the film Bullet Raja. Sonakshi Sinha was also seen in this film along with Saif Ali Khan. Who played the lead role. Akshay Kumar - Akshay Kumar who is considered one of the superstar actors of Bollywood. He played the character of Kinnar in the film Lakshmi in 2020 and the actor also made a lot of headlines with this film.





